विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता 12.12.2022

जनता कालेज बकेवर के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी एवं डॉ इन्दु बाला मिश्रा (संयोजक विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता) व प्राध्यापक गण के साथ प्रतिभागी छात्र–छात्राओं का समूह छाया चित्र ।

जनता कालेज बकेवर के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी एवं डॉ इन्दु बाला मिश्रा (संयोजक विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता) प्राध्यापकों के साथ छात्रों के मॉडल का निरिक्षण करते हुये।

विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता 12.12.2022

अचल माडल में हर्ष व चल में शौर्य व शिवम विजेता

संवादसूत्र, बकेवर : सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में विज्ञान माडल प्रतियोगिता का आयोजन जनता कालेज में प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी के संरक्षण व संयोजिका डा. इंदुबाला मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। निर्णायक डा. ललित गुप्ता, डा. धर्मेंद्र कुमार, डा. एसपी मौर्या द्वारा गहन अवलोकन के पश्चात अचल माडल में हर्ष शर्मा बीएससी प्रथम सेमेस्टर बायोटेक प्रथम स्थान पर, बीएससी तृतीय वर्ष की अंशिका यादव व प्रीति पोरवाल संयुक्त रूप से द्वितीय तथा दीपिका बीएससी तृतीय वर्ष तृतीय स्थान पर विजेता रहे। चल माडल में संयुक्त रूप से प्रथम शौर्य त्रिपाठी एवं शिवम बीएससी तृतीय सेमेस्टर, अनुज व रितु दीक्षित बीएससी तृतीय सेमेस्टर कंप्यूटर विज्ञान संयुक्त रूप से द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर मोहित सिंह तथा केशव संयुक्त विजेता के रूप रहे। विज्ञान माडल समिति के सदस्य डा. प्रकाश दुबे एवं डा.

विज्ञान माडल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों के साथ कालेज के प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी (बाएं से चौथे) शिक्षकों के साथ • स्वयं

ज्योति भदौरिया ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

सस्वर गायन समिति के डा. अभिषेक प्रताप सिंह, ब्रह्मानंद शर्मा के निर्देशन में निर्णायक मंडल की डा. ज्योति भदौरिया, डा. नवीन अवस्थी एवं डा. संतोष चंदेल के संयोजन में कुल 16 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें नंदिनी शर्मा प्रथम, हारून आलम द्वितीय तथा खुशी कटियार तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर महक बानो बीएससी प्रथम सेमेस्टर कंप्यूटर एप्लीकेशन, तनु दुबे व आकांक्षा शर्मा एम काम प्रथम सेमेस्टर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर तथा एमकाम प्रथम सेमेस्टर के छात्र हर्ष शर्मा तृतीय स्थान पर विजेता रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डा. दिव्य ज्योति मिश्र, डा. योगेश शुक्ला, डा. डीएन सिंह, आरडी वर्मा, डा. अत्रि गुप्ता, डा. शैली यादव, डा. विकास अग्निहोत्री, अंजीत अग्निहोत्री, अश्वनी मिश्र, अजय शर्मा, नूरूल हसन आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

बकेवर। वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की श्रंखला में विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जनता कॉलेज बकेवर में किया गया।

इस प्रतियोगिता में अचल मॉडल में हर्ष शर्मा बी एस सी प्रथम सेमेस्टर बायोटेक प्रथम, बीएससी तृतीय वर्ष की अंशिका यादव व प्रीति पोरवाल संयुक्त रूप से द्वितीय तथा दीपिका बी एससी तृतीय वर्ष तृतीय स्थान पर विजेता रहीं। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर महक बानो, बी एससी प्रथम सेमेस्टर कंप्यूटर एप्लीकेशन तनु दुबे व आकांक्षा शर्मा एमकॉम प्रथम सेमेस्टर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर तथा एमकॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र हर्ष शर्मा तृतीय स्थान पर विजेता रहे।